भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय,
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल

Phone.: 2661263,2737446 Fax: 2737446 Website:www.bsgmp.net E_mail:bsgmadhyapradesh@gmail.com

---

क्र0 / 10152 / रा0मु0 / साज–सज्जा / 2014 भोपाल, दिनांक 23.07.2014

प्रति,

समस्त जिला संगठन आयुक्त (स्का.गा.)

भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.

जिला संघ................................

विषय :– मासिक कार्य प्रतिवेदन के साथ विक्रय सामग्री की भी जानकारी भेजने बाबत।

–––000––

विषयांर्तगत पत्र के संबंध में लेख है कि आपको अनेको बार पत्र भेज कर एवं समीक्षा बैठको में चर्चा के दौरान अवगत कराया जाता रहा है कि, जिले में संचालित विक्रय भण्डार की स्थिति प्रतिमाह राज्य मुख्यालय को भेजी जायें। किन्तु बडे खेद के साथ लिखना पड रहा है कि आपके द्वारा वरिष्ठ कार्यालय द्वारा दिये गये आदेशें/निर्देशो का पालन नही किया जा रहा है। 31 मार्च–2014 की स्थिति अनुसार देखने में आ रहा है कि, कुछ जिलो में सामग्री का विक्रय कर दिया जाता है और राशि राज्य मुख्यालय को न भेजकर व्यक्तिगत रूप से राशि का उपयोग किया जा रहा है, जो नियमानुसार वित्तीय अनियमित्ता एवं गबन की श्रेणी में आता है। जबकि आपको बार–बार निर्देश दिये गये है कि प्रतिमाह के अंत में विक्रय राशि आवश्यक रूप सेभेजी जायें एवं स्काउट शॉप के रखा–रखाब हेतु आवश्यक लेखा अभिलेखो का नियमित संधारण किया जायें।

निर्देशित किया जाता है कि आपके द्वारा प्रतिमाह भेजे जाने वाले मासिक कार्य प्रतिवेदन के साथ विक्रय भण्डार की जानकारी भी प्रतिमाह आवश्यक रूप से भेजी जाना है, जिसकी एक प्रति भण्डार को भी जाना आवश्यक है। इसके बाद ही उक्त माह का वेतन जारी किया जावेगा। जिन डी.ओ. सी. (स्का.गा.) से मासिक कार्य प्रतिवेदन के साथ विक्रय भण्डार की जानकारी प्राप्त नही होगी उनका उस माह का वेतन जारी नही किये जावेगा जिसके लिय आप स्वयं जिम्मेदार होगे एवं इसकी अलग से कोई सूचना नही दी जावेगी। मासिक प्रतिवेदन के साथ जो जानकारी भेजी जानी है वह निम्नानुसार है :–

1. माह के अंत में उपलब्ध सामग्री का मूल्य।
2. माह में कितने रूपये की सामग्री विक्रय की गई।
3. सामग्री विक्रय करने में आने वाली कठिनाई / सुझाव।
4. धन ऋण पत्रक जिसमें माह का (1) प्रांरभिक शेष (2) माह में प्राप्त सामग्री का मूल्य (3) कुल सामग्री (4) माह में अंत सामग्री का मूल्य (5) विक्रय राशि मे से माह में मुख्यालय भेजीगई राशि की जानकारी।

राज्य सचिव

भारत स्काउट एवं गाइड, म.प्र.

पृ0क्र0 / 10153 / रा0मु0 / साज–सज्जा / 2014 **भोपाल, दिनांक 23.07.2014**

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. लेखाधिकारी/गणक, लेखाशाखा राज्य मुख्यालय भोपाल।
2. राज्य संगठन आयुक्त (स्का.गा.) राज्य मुख्यालय भोपाल।
3. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्का.गा.) संभागीय कार्यालय................................।

राज्य सचिव

भारत स्काउट एवं गाइड, म.प्र.